हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 13 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 38.2 डिग्री

4
एसपी ने की पुलिसिंग की समीक्षा, अपराध नियंत्रण और ट्रैफिक ...






REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

## खबर संक्षेप

### सत्र न्यायालय में भर्ती हेतु साक्षात्कार 15, 16 व 17 को

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय में आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले स्वीपर, चौकीदार और वॉटरमेन के पदों पर भर्ती के संबंध में आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाना निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार स्वीपर पद हेतु आवेदित पद के लिए 15 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में साक्षात्कार लिया जाएगा। इसी प्रकार चौकीदार पद के लिए 16 जून एवं वॉटरमेन के लिए 17 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में साक्षात्कार लिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना के एक मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम करदना निवासी स्व. फुलमनी बाई का आटो वाहन क्रमांक सी.जी.-14 एमआर 7362 से सड़क दुर्घटना में 31 मई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र जयपाल राम, जगतपाल राम और पुत्री अमृता बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जनहानि के दो मामलों पर 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम सागीभावना निवासी निर्मल तिग्गा का नाला के पानी में डुबने से 05 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पुत्र ओहमस तिग्गा, अनुग्रह तिग्गा और महिमस तिग्गा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बगीचा तहसील के ग्राम नकबार निवासी अघनू राम का नाला के पानी में डुबने से 07 जुर्लइा 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी लखनी बाई हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर बंगला के समीप ट्रांसफार्मर में लगी आग

**अंबिकापुर।** भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग के कारण कलेक्टर बंगला के समीप लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का प्रमुख कारण शार्ट सर्किट को माना जा रहा है। आग के कारण निकली चिंगारी नीचे सूखे पत्ते पर गिरी और आग लग गई। बता दें कि डीसी रोड में कलेक्टर बंगला के समीप ही विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उक्त ट्रांसफार्मर में मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई।

### सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर की गई विशेष चर्चा, पतराटोली को ब्लैकस्पॉट किया गया चिन्हांकित

# सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए राज्य स्तरीय वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस महानिरीक्षक नेहा चम्पावत तथा अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) श्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में आज सड़क दुर्घटनाओ की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु राज्य स्तरीय वर्चुअल बैठक लिया गया। बैठक के मुख्या बिन्दुओं में वर्ष 2024 में जनवरी से मई तक की सड़क दुर्घटनाओ की शेष प्रविष्टियाँ, हिट एंड रन मामले में न्यायलय या दावा प्राधिकरण को प्रतिवेदन पेश करना तथा जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में जशपुर जिले से एसडीओपी श्री चंद्रशेखर परमा, एस आई प्रदीप मिश्रा, ए. एस आई सुनेश्वर साय पैंकरा, यातायात विभाग से श्री संजय निकुंज, श्री सोहन साय पैंकरा तथा एन आई सी से डी आर एम शशिकान्त नायक शामिल थे।

- पुलिस महानिरीक्षक नेहा चम्पावत तथा अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक यातायात संजय शर्मा की अध्यक्षता बैठक


वर्चुअल बैठक में भाग लेते अधिकारी।

जिला जशपुर में पतराटोली को ब्लैकस्पॉट चिन्हांकित किया गया है तथा जिले में सड़क दुर्घटनाओ की प्रविष्टि व विश्लेषण करने के बाद सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होने का समय शाम 3 बजे से रात्रि 9 बजे है व सर्वाधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं होने वाले थाना क्षेत्र (जनवरी 2024 से मई 2024 की स्थिति में)पत्थलगाँव - 33 प्रकरण, जशपुर - 27 प्रकरण, कुनकुरी - 19 प्रकरण हैं।

# विद्युत पोल हटाए बिना सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में सड़क निर्माण विभाग की लापरवाही का एक अनोखा मामला सामने आया है । जहां सड़क के बीच में आने वाले खंभे को हटाए बैगर सड़क निर्माण कर दिया गया है। विभाग की यह अनदेखी लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है । ग्रामीण अब बिजली के खंभे को हटाने की मांग कर रहे है ।

- हमेशा बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

मामला फरसाबहार ब्लाक के ग्राम पंचायत तुबा के कठरधोवा बस्ती का है जहां मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क में बीच में आए वाले बिजली के खंभे को हटाए बिना ही विभाग ने सड़क बना दिया है। पिछले तीन सालों से यह स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की इस लापरवाही से ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बताना जरूरी है की फरसाबहार मेन रोड तुबा से 900 मीटर पक्की सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किया गया है। इस सड़क निर्माण के लिए शासन ने 58 लाख 44 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई थी। निविदा की प्रक्रिया के बाद सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। तुबा बस्ती की कच्छी सड़क के किनारे बिजली विभाग का खंभा लगा हुआ था।


तीन साल से बीच सड़क पर खड़ी विघुत पोल।

सड़क के चौड़ीकरण एवम निर्माण के समय यह बिजली का खंभा बीच सड़क में आ गया । सड़क निर्माण के दौरान इस खंभों को हटाकर किनारे करने की ओर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा आंख मूंद कर एमएमजीएसवाई के अधिकारियों ने सड़क निर्माण पूरा करा लिया। अब सड़क के बीच में स्थित बिजली की यह खंभा स्थानीय ग्रामीणों के लिए हादसे का बड़ा कारण औ रबड़ी मुसीबत बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम और रात को बिजली गुल रहने की स्थिति में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गांव की कई लोग इस खंभे से टकरा कर घायल भी हो चुके है। इस सड़क निर्माण में यातायात सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की लापरवाही का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीखे मोड में स्थित इस बिजली के खंभे में किसी ने रेडियम लगाना भी आवश्यक नहीं समझा जिससे वाहन चालक को रात के समय दूर से ही सड़क के बीच में खंभा होने की जानकारी मिल जाए। बिजली विभाग व अधिकारी जल्द खम्भा को जल्द शिफ्टिंग का बात कह रहे है। जबकि एम एमजीएसवाई के अधिकारी मीडिया के सामने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है ।अब देखने वाली बात होगी कि खंभेकोकब तक हटाया जा रहा है ।

# आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल के अध्यक्षों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी के दर्शन करने गए श्रद्धालुओं के बस पर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर 9 लोगों की जान लेने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को ज्ञापन देने आए लोगों में विषय हिंदू परसाद जशपुर के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह सिंह जु देव,बजरंगदल के जिलाध्यक्ष जनरैल सिंह,जिला महासचिव योगेश सिन्हा, गौ सेवा समिति के समाजसेवी वेद प्रकाश तिवारी के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने आए विहिप व बजरंग दल के सदस्य।

### पाकिस्तान के इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते है हमारी सरकार इसका जवाब देगी

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का कहना है,कि तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने से बौखलाए पाकिस्तान ने इस कायरना हरकत को अंजाम दिया है। यह किसी भी स्थिति में बर्दास्त करने योग्य नहीं है। भारत इसका करारा जवाब देगा।

### जिले में मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून 2023 से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। जशपुर जिले के अंतर्गत समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई जलाशय निर्मित किए गए हैं में सभी प्रकार का मत्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का करावास अथवा 10 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है।

# स्कूल जिला रसोइया संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्कूल जिला रसोईया संघ के ने कलेक्ट्रेट में जिले के सभी रसोईया ने आकर जून महीने में काम करवाने के बाद भी जून महीने का मानदेय नहीं देने का विरोध करते हुए माह जून की मानदेय की मांग का एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा है। जिले भर से आए स्कूल में बच्चो के लिए खाना बनाने वाले रसोइयों का कहना है,कि जून महीने की भरी गर्मी में हमलोग स्कूल के बच्चो के लिए खाना बनाते है, लेकिन हमें जून का मानदेय नहीं दिया जाता है। हम चाहते हैं कि हमें जून माह का भी मानदेय दिया जाय।

- माह जून की वेतन देने की मांग


कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपते रसोइया संघ के सदस्य।

रसोईया से खाना बनाने के अलावा भी कई तरह के काम लिए जाते है लेकिन जब वेतन की बात आती है तो हमारे अधिकारी कहते हैं कि मिलने वाली छुट्टियों को एडजस्ट किया जाता है। इसी लिए जून का मानदेय नहीं दिया जाता है। चुनाव में काम करने का भी कोई भुगतान नहीं किया गया है। किसी वी आई पी का कार्यक्रम होता है तो हमारा ही ड्यूटी लगाया जाता है।

# क्षमता से अधिक सवारी ढोने के खिलाफ परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस व यातायात विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने, क्षमता से अधिक सामान लोड कर परिवहन करने व अन्य मामलों में कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 109 वाहन चालकों से 83 हजार 900 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। बता दें कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों पर प्वाइंट लगाकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने प्रतिबंध व समझाइस के बाद भी मालवाहक वाहन में सवारी बैठकर चलाने वाले 11 वाहन चालकों से 33 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया इसके साथ ही क्षमता से अधिक सामान लोडकर चलने वाले वाहन चालकों से 20 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं टीम ने ने मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर 35 वाहन चालकों से 10 हजार 500 रुपए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले 4 वाहन चालकों से कुल 12 सौ रुपए, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले 3 वाहन चालकों से कुल 15 सौ रुपए, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले कुल 2 वाहन चालकों से 4 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया साथ ही अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 12 वाहन चालकों से कुल 24 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

- नियम तोड़ने वाले 109 वाहन चालकों पर 83 हजार का जुर्माना

# एमपी से आकर वाहनों से कर रहे थे डीजल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनकेप पास से 210 लीटर डीजल बरामद किया है। आरोपियों के दो अन्य साथी फरार बताए जा रहे है।

- 210 लीटर डीजल बरामद, दो अन्य की तलाश जारी, चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त

आरोपी एमपी से आकर रात के अंधेरे में डीजल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। इस मामले में गिरोह के दो अन्य सदस्य फरार बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि अज्जू फ्यूल्स का संचालक पस्ता निवासी 38 वर्षीय अज्जू कुमार गुप्ता आ. जवाहर गुप्ता की मेटाडोर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 2136 को


पुलिस गिरफ्त में डीजल चोरी के दोनों आरोपी।

चालक पस्ता निवासी चरण गोप वाहन को 9 जून की रात पेट्रोल पम्प के बाहर खड़ा कर वाहन मेंसो रहा था। देर रात लगभग ढाई बजे एक स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 2686 से कुछ अज्ञात चोर मौके पर पहुंचे और वाहन की डीजल टंकी का ताला तोड़कर डीजल चोरी कर कर रहे थे। इसी दौरान आवाज सुनकर अचानक जब चालक चरण गोप की नींद खुली तो उसने डीजल चोरों को देख शोर मचाना शुरू कर दिया जिसके बाद चोर स्कॉर्पियों वाहन से फरार हो गए। इस दौरान आरोपियों ने मेटाडोर वाहन से लगभग 60 लीटर डीजल की चोरी कर ली थी। 10 जून की सुबह चालक ने घटना की जानकारी वाहन मालिक को दी जिसके बाद अज्जू कुमार गुप्ता द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। इसके साथ ही आरोपियों ने मेटाडोर के समीप खड़े हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 0812 की टंकी का लोक तोड़कर भी लगभग 150 लीटर डीजल की चोरी कर ली। ऐसे में पुलिस द्वारा मामले में द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग लदकुड़ जंगल में छिपे हुए है। ऐसे में पुलिस द्वारा घेराबंदी कर एमपी कोतमा अंतर्गत सीलपुर निवासी 28 वर्षीय पुष्पेंद्र लोनी आ. लल्ला सिंह व अनूपपुर जैतहरी अंतर्गत ग्राम गोधन निवासी 23 वर्षीय प्रदीप कुमार आ. सुंदरलाल महरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### सहेजना होगा अपने धर्म व संस्कृति की विरासत को

# विश्वास रखना होगा सनातन की संस्कृति व आस्था पर : गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सनातन धर्म के मामने वालों को अपने धर्म व संस्कृति पर विश्वास रखना होगा। हमें हमारी संस्कृति व धर्म से कोई नहीं भटका सकता।

- मुड़ कट्टी सरना धाम की पुर्नस्थापना व कलश यात्रा

यह बातें पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय ने बागबहार भाजपा मंडल के ग्राम पंचायत रेडे आयोजित मुड़ कट्टी सरना धाम की पुर्नस्थापना व कलश यात्रा के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करती हुई कहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती गोमती साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के मानने वालों को सनातन धर्म के विरोधी कई प्रकार से प्रताड़ति करने एवं रास्ता भटकाने की कोशिश करेंगे। हमे रास्ता नहीं भटकना है। सनातन धर्म की आस्था, संस्कृति, परंपरा एवं मान्यताओं पर हमें विश्वास रखना है। कोई ऐसा माई का लाल नही है जो हमारे सनातन धर्म के 33 कोटि देवी देवताओं को गायब कर सके या नुकसान पहुंचा सके। सनातनी अपने देवी देवताओं को ढूंढ़ लेंगे और हमारे देवी देवता वापस आ जाएंगे। श्रीमती साय ने कहा कि पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए मेरी पहली प्राथमिकता है कि सभी सड़को का निर्माण हो। विधानसभा क्षेत्र की 93 सड़कों का अभी प्रस्ताव शासन के पास गया है। 65 सड़को की स्वीकृति मिल गई है। सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।


सभा को संबोधित करतीं विधायक गोमती साय।

### बाऊंड्रीवाल निर्माण की घोषणा

गोमती साय ने सरना स्थल के बाऊंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की विधायक गोमती साय ने कहा कि सरना धाम के बाउंड्रीवाल की मांग मेरे समक्ष आया है जिसे कराने की मैं घोषणा करती हूं।

मुझे पूरे पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में जहां भी बुलाया जाएगा जाऊंगी। मेरे संज्ञान में जो विकास के कार्य लाये जाएंगे उन्हें प्राथमिकता के साथ करने का प्रयास करूंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित थीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अखिल भारतीय कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, बलभद्र राम, कृपाशंकर सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# तलवार लहराकर भयभीत करने वाला ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उदयपुर पुलिस ने खुलेआम तलवार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम लैगा सरनापारा में ग्रामीण सार्वजनिक रूप से तलवार लहराकर आम नागरिकों को भयभीत कर रहा है।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घेराबंदी कर लैगा सरनापारा निवासी 70 वर्षीय तपेश्वर को हिरासत में लेकर उसके पास से धारदार हथियार बरामद किया। पुलिस ने आरोपी ग्रामीण को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, आरक्षक सुरेन्द्र बारी, विवेक सिंह शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

12 - June -Jas-cori-rgh-sarguja-Bhoomi pg- 2_Layout 1 6/12/2024 8:31 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महापौर ने मंत्री से पार्षद निधि राशि स्वीकृति की रखी मांग



**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर निगम में महापौर मद एवं पार्षदनिधि से विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि स्वीकृति किए जाने का आग्रह किया है। इस हेतु महापौर श्री प्रसाद द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा महापौर मद के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सवा दो करोड़ रूपये की राशि तथा प्रत्येक पार्षद हेतु पार्षद मद के अंतर्गत 6 लाख रूपये की राशि विकास कार्यों हेतु प्रदान की जाती है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2024-25 सत्र में महापौर मद एवं पार्षद मद से वार्डों में विकास कार्य कराए जाने हेतु राशि जारी की जाए ताकि वार्डों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा सकें।

### शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बोईदा में शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत एसडीएम, तहसीलदार को सरपंच द्वारा अनेक बार शिकायत की पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसडीएम को सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईदा में प्रस्तावित भूमि पर जगह जगह पर अवैध कब्जा किया गया है। सरपंच द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कार्यवाही नहीं करने से निराश हो गए हैं, जिसके कारण सभी लोग मनमानी करते हुए जगह जगह बोईदा ग्राम में अवैध कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भवनों के सामने और स्कूल खेल मैदान के आसपास गांव के ही लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर मकान बना लिया है। पंचायत एवं ग्राम सभा का कहना भी नहीं मानते हैं। प्रस्तावित भूमि विघुत विभाग की सब स्टेशन के आने जाने रास्ता बंद हो गई है, बाजार के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा, शासकीय भवन के सामने कब्जा कर मकान एवं बाड़ी बनाया गया है और धान खरीदी केंद्र के प्रस्तावित भूमि पर भी मकान एवं बाड़ी बना दिया गया है। जिसके कारण चबूतरा एवं सेड निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों को इस कब्जा को लेकर कई बार अवगत करा चुके, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि खबर के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

### खिलाड़ियों एवं खेल संघों को प्रेरणानिधि प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को षहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, षहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत पांच वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला/पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक आयु के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिये हों या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

## कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कापानवापारा हाईवे पर नजर आते हैं हाथी


# नेशनल हाईवे पर अक्सर गजराज का डेरा, अंडरपास का मामला ठण्डे बस्ते में

### पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के मुख्य मार्गो में नजर आता है गजराजों का झुण्ड


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में विचरण करने वाले गजराज अक्सर हाईवे पर आज धमकते हैं और जिसकी वजह से घंटे हाईवे की रफ्तार थम जाती है। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार कम ना हो इसके लिए वन विभाग ने हाईवे के 7 स्थान में अंडरपास बन सके इस दिशा पर पहल की थी लेकिन मामला अब तक ठण्डे बस्ते में ही पड़ा नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और हाथियों के झुंड को इस क्षेत्र का जंगल भाग गया है। जिसके चलते हाथियों ने इस इलाके को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। अक्सर यह देखा जाता है कि हाथी नेशनल हाईवे कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग एनएच-130 में अकसर हाथी हाईवे को पार करते हैं। जिसकी वजह से हाईवे में आने जाने वाले लोगों को घंटों परेशान होना पड़ता है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने हाथियों को हाईवे पार करने में किसी तरह की परेशानी ना हो और हाईवे में चलने वाले आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने हाईवे में अंडरपास बनाने की दिशा पर पहल शुरू कर दी है। हाईवे में पड़ने वाले 7 स्थान में अंडरपास बनाने के लिए वन विभाग ने स्थल का चिन्हांकन किया है। जिसमें मुख्य रूप से परला कापानवापारा, गुरसियां, केंदई, मदनपुर को चिन्हांकित किया गया है। वन विभाग द्वारा अब इस प्रस्ताव को बनाकर नेशनल हाईवे के अथॉरिटी को भेजा जाएगा जहां से अब तक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। जिससे ऐसा लग रहा है कि मामला ठण्डे बस्ते में पड़ा हुआ है। अक्सर हाथियों का झुण्ड हाईवे पर ही नजर आते हैं।



नेशनल हाईवे में अक्सर इस तरह हाथियों का झुण्ड आता है नजर।



वन्य प्राणियों के लिए हाईवे के लिए तैयार किया गया ओवरपास।

#### कापानवापारा और परला मेन पॉइंट

केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड सबसे अधिक पसान व एतमानगर और केंदई रेंज में विचरण करते हैं। फिलहाल 7 स्थान को अंडरपास के लिए चिन्हांकित किया गया है लेकिन सबसे अहम स्थान परला कापानवापारा में अंडरपास बनाना सबसे अहम होगा क्योंकि इसी स्थान पर हाथी अक्सर इस दिशा से उस दिशा पार करते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सबसे अधिक इसी स्थान से हाथियों ने यहां से पार किया है। बताया जाता है कि परला कापानवापारा की बीच की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। जहां इसी दोनों स्थान में सबसे अधिक अंडरपास की आवश्यकता वन विभाग महसूस कर रहा है।

#### महिला को मौत उतारने के बाद दंतैल लौटा धरमजयगढ़

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कलमीटिकरा परिसर में एक महिला को मौत की नींद सुलाने वाला लोनर हाथी अब धरमजयगढ़ वनमंडल चला गया है। हाथी ने आधी रात के बाद आगे का रूख किया और मांड नदी को पार करने के बाद भोर होने से पहले धरमजयगढ़ पहुंच गया। लोनर हाथी ने ग्राम बासीन निवासी यादोबाई नामक महिला पर हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। जबकि उसका पति वृक्षराम पुलिया में छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहा था। दंपत्ति सुबह 7.30 बजे धान बीज खरीदी के लिए अपने गांव बासीन से गिरारी जा रहे थे, तभी जंगल में उनका सामना लोनर हाथी से हो गया था। हाथी ने देखते ही हमला कर दिया था। इस बीच 7 हाथियों का झुण्ड लबेद क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड को मंगलवार की सुबह यहां के जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। लबेद व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है और ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थना भवन चर्च आईटीआई चौक निवासी पास्टर ए.के. मोजेस उम्र 71 वर्ष पिता स्व. जी. मोजेस 6 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बैकुण्ठपुर पटना चला गया था और वहां से जब 11 जून को दोपहर लगभग 12 बजे वापस अपने घर आया तो देखा कि उसके घर में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था घर का पूरा सामान एलजी एलईडी टीवी फर्श पर बिखरा पड़ा हुआ था तथा होन्डा स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीडी 6307 घर मे नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

### एसईसीएल सीव्हीओ जयंत की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा।** कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमरी अपने किसी शासकीय कार्य से 3 जून को महानदी कोलफील्स लिमिटेड के मुख्यालय संबलपुर गए हुए थे। 5 जून को संबलपुर से वापसी के दौरान रायगढ़ के पास उनकी शासकीय वाहन इनोवा ट्रेलर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे वे घायल हो गए थे। उनके साथ वहां में चालक और बॉडीगार्ड मौजूद थे। घटना के बाद श्री खमाड़ी को जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़ में उपचार चल रहा था।उनकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए गहन चिकित्सा के लिए उन्हें दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया गया था। मंगलवार की सुबह मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## महाविद्यालयों में छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही मिलेगा प्रवेश




फाइल फोटो

#### 18 से शुरू होना है एडमिशन पर नहीं आया सिलेबस

उच्च शिक्षा विभाग ने कहा है कि 18 जून से विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश प्रकिया शुरू होगी। कुलपति के विशेष अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश होगा। 1 जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। अब ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक एनईपी का सिलेबस भी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध नहीं कराया है। छात्रों को पहले सेमेस्टर में क्या-क्या पढ़ाया जाना है, ये शिक्षकों को भी नहीं पता। ऐसे में छात्रों को पढ़ा पाना इस बार शिक्षकों के लिए भी मुश्किल हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की घोषणा कर दी है। विभाग ने इसे लेकर सभी विवि को पत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि स्नातक में सेमेस्टर पद्धति से प्रवेश होगा। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में एनईपी लागू होगा। इन विभागों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को ग्रुप विषय के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स, वेल्यु एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स को भी पढ़ना है।

#### खास बातें

- बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए में लागू होगा एनईपी
- 18 जून से शुरु होगी प्रवेश की प्रक्रिया

उच्च शिक्षा विभाग ने एन्हासमेंट कोर्स का डिटेल जारी कर दिया है। इसके अनुसार बीकॉम, बीबीए में पढ़ाई करने वाले छात्रों को एन्हासमेंट कोर्स के तहत पहले सेमेस्टर में पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करनी होगी। इसी तरह बीएससी, बीसीए के छात्रों प्रथम सेमेस्टर में अंग्रेजी भाषा और बीए, बीएससी एचएम के छात्रों को हिंदी भाषा की पढ़ाई करनी होगी।वहीं उच्च शिक्षा विभाग विवि को अब तक नहीं मिला है कि वेल्यू एडड कोर्स और स्किल डेवलपमेंट कोर्स में छात्रों को क्या पढ़ना है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने 18 जून से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को पोर्टल तैयार करना है, पर इनके पास डाटा ही नहीं है। ऐसे में अगर उच्च शिक्षा विभाग समय से डाटा उपलब्ध नहीं कराता है तो निर्धारित तिथि में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू करना विश्वविद्यालयों के लिए मुश्किल होगा।

## बालको ने कराया छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बालको ने जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार अपने संयंत्र परिसर और चोटिया कोयला खादान में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के औद्योगिक विकास को व्यापक रूप से समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित की गई। कोरबा जिलाधिकारी अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देखकर सीख सकें। लगभग 240 छात्रों ने अलग-अलग दल में बालको का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और तकनीकी एवं नवाचार की सोच विकसित होगी। क्लासरूम से बाहर जाकर बड़े-बड़े औद्योगिक कार्यस्थल के अवलोकन से शिक्षा के प्रति उनकी अभिरूचि भी बढ़ेगी। कंपनी में आने वाले सभी विद्यार्थियों को पूरे संयंत्र का भ्रमण कराया जिसमें कंपनी के महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया गया। शासकीय हाईस्कूल मदवानी विकास खंड करतला, जिला कोरबा के प्राचार्य बलराज कश्यप ने कहा कि कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों को बालको कंपनी में एल्यूमिनियम का उत्पादन, संग्रहण एवं विभिन्न शैक्षिक पहलू पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा संयंत्र से संबंधित किये गए सभी सवालों का सटीक और विस्तारपूर्वक जवाब दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें बालको संयंत्र में आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उन्हें एल्यूमिनियम एवं बिजली उत्पादन के सम्बंध में बारीकी से जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही बालको में टीम भावना और परस्पर सहयोग जैसे विभिन्न पहलुओ को समझने का अनुभव मिला। बालको के चोटिया कोयला खादान में अन्य छात्र-छात्राओं ने खदान का भ्रमण किया। उन्होंने खुले कोयला खादान का अवलोकन किया जो उनके लिए अभूतपूर्व अनुभव था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान से कोयला उत्खनन के साथ ही आधुनिक तकनीकी मशीनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट करने हेतु निगम चलाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने हेतु 12 जून से पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अंतर विभागीय दलों द्वारा प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर पहुंचकर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन करने की कार्यवाही एक विशेष अभियान चलाकर की जानी है।



कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 12, 13, 15, 19 एवं 20 जून को यह अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु गठित अंतरविभागीय दल में शामिल अधिकारी, कर्मचारी घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड आधार अद्यतन किए जाने की कार्यवाही संपादित कराएंगे। इस संबंध में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अंतरविभागीय दलों का गठन करते हुए वार्डवार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा व तत्परता से त्रुटिरहित आयुष्मान कार्ड आधार अपडेट किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन अंतरविभागीय दलों में नगर निगम कोरबा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ मितानिन, स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं सामुदायिक संगठकों को शामिल करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए हैं।

### होटल मैनेजमेंट में प्रवेश हेतु आवेदन 24 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर मे होटल मैनेजमेंट मे डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेस सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउस किपिंग ऑपरेशन्स तथा डिग्री कोर्स बीएससी हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन हेतु कोरबा जिले के 15 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है। कोर्स में शामिल होने हेतु इच्छुक आवेदक 24 जून तक लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं।

## रेलवे के वाहन स्टैंड में शेड की दरकार, बारिश में भीगेंगी गाड़ियां



वाहन स्टैंड में खड़ी गाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा रेलवे स्टेशन का वाहन पार्किंग समस्याग्रस्त है। घंटे के हिसाब से वाहन रखने के लिए लोग पैसे जरूर दे रहे हैं लेकिन मौके पर न तो शेड है और न ही अन्य सुविधा। ऐसे में सुरक्षा का मसला भगवान भरोसे सिमटकर रह गया है। रेलवे और पार्किंग ठेकेदार इसकी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर थोपने पर लगे हैं।

जब से वाहन स्टैंड का संचालन कोरबा के रेलवे स्टेशन में हो रहा है, समस्या तब से ही है। उपर से लोग हैं कि मजबूरी के चक्कर में अपनी गाडिय़ों को इसी हाल पर छोडऩे के लिए लाचार हैं। काफी समय से जरूरत बताई जा रही है कि पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण खासतौर पर बारिश और गर्मी के सीजन में कई प्रकार की परेशानियों से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। अधिक तापमान के फेर में गाडिय़ों के डिस्कलर होने की समस्या पेश आती है तो बारिश में ज्यादा समय तक पानी का संपर्क होने के कारण पाट्र्स में जंग लगने की चुनौती बनी रहती है। अनेक अवसर पर दुपहिया गाडिय़ों से पेट्रोल चोरी होने के मामले जब बढ़े तो सीसीटीवी लगाने की जरूरत समझी गई और इस पर काम किया गया। ऐसी घटनाएं अब कम हुई हैं लेकिन पार्किंग क्षेत्र में शेड नहीं होने के कारण परेशानी तो है ही। बताया जा रहा है कि कोविड कालखंड के बाद किसी तरह पार्किंग का ठेका संपन्न हो सका लेकिन बाद में घाटे के कारण नए आवंटन में देरी हुई। लंबी प्रतीक्षा के बाद इस काम को कराया जा सका है। इधर लोगों का दबाव है कि अगर अच्छा खासा शुल्क रेलवे कांट्रेक्टर ले रहा है और इस परिसर के जरिए रेल प्रबंधन मोटी कमाई कर रहा है तो क्यूं न लोगों के हित में सुविधा दिए जाने के बारे में विचार होना चाहिए। वैसे भी कोरबा से प्रतिवर्ष 6000 करोड़ का राजस्व रेलवे को मिल रहा है। इतना सबकुछ होने के बाद भी यात्री सुविधाओं का अनदेखी करने का सिलसिला जारी है।

## दादरखुर्द में 6 जुलाई से सजेगा रथ, तैयारी में जुटे श्रद्धालु

# भगवान जगन्नाथ की धूमधाम से निकाली जाएगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालने की वर्षों पुरानी परंपरा हैं। इसकी तैयारी दादर मंदिर प्रबंधन ने शुरू कर दी है। अक्षय तृतीया को मुहूर्त के अनुसार काम शुरु कर दिया गया है। 6 जुलाई को रथ सजेगा और 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगनाथ मंदिर दादरखुर्द के पुजारी ने बताया कि 22 जून को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का 51-51 मिट्टी के कलश से औषधीय स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी। महास्नान के बाद वे 14 दिनों के एकांत में चले जाएंगे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं और



स्वास्थ्य लाभ लेने 14 दिनों के लिए एकांतवास में चले जाते हैं। इसके कारण श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं हो पाता है। भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को नेत्र उत्सव के साथ आम श्रद्धालुओं को दर्शन देने दर्शन मंडप में पधारेंगे। रथयात्रा के दिन जो बेटियां ससुराल में होती हैं, ये मायके आती हैं। साथ ही अन्य रिश्तेदार भी रथयात्रा में शामिल होते हैं। रथयात्रा के दिन दादर क्षेत्र में मेला का माहौल रहता है, जहां बड़ी संख्या में छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानें लगती हैं, जहां लोग अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी करते हैं। इस बार भी व्यापारियों के लिए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मेला लगाने आगे आने कहा गया है। जिला व नगर प्रशासन के साथ मिलकर रथयात्रा उत्सव पर व्यवस्था सुचारु बनाने तैयारी की जाएगी। साथ ही पुलिस-प्रशासन से मेला स्थल पर किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसलिए सुरक्षा बल तैनात करने मांग की जाएगी।

#### रथयात्रा का 123 वर्ष पुराना है इतिहास

कोरबा ही नहीं वरन आस-पास के जिलों में भी ग्राम दादरखुर्दकी रथ यात्रा काफी लोकप्रिय हैं। मंदिर समिति के कृष्णाद्विवेदी के अनुसार दादर में लगभग 123 साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इसके कारण यहां की लोकप्रियता लोगों में बनी हुई है। इस बार भी यहाँ रथयात्रा का उत्साह लोगों को देखने मिलेगा। मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ ही जरूर कार्य निपटाए ना रहे हैं। जल्द ही रथ को तैनार करने का काम भी शुरु हो जाएगा।

12 - June -Jas-cori-janj-Bhoomi pg- 3_Layout 1 6/12/2024 8:30 PM Page 1





# सलमान की पहली पेंटिंग 'यूनिटी-1' बिकने को है तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई स्टार्स अभिनय के अलावा कई और चीजों में भी महारत रखते हैं। कुछ एक्टर होने के साथ-साथ अच्छे गायक होते हैं तो कुछ अच्छे डांसर। ऐसे ही फिल्म इंडस्ट्री में भाई जान के नाम से मशहूर सलमान खान अभिनय के अलावा पेंटिंग भी करते हैं। अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से वे अपने इस शौक के बारे में अपने फैंस को बताते भी रहते हैं। वहीं, अब भाई जान के दीवानों के लिए एक बड़ी खबर आई है। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बताया है कि उनकी पहली पेंटिंग जिसका नाम 'यूनिटी 1' है वह बिकने को तैयार है।

लाइफ Style



# कंगना

## हमारी सोच की नहीं है कोई सीमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'

कंगना रणौत अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में छाई रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने वर्क कल्चर को लेकर कुछ ऐसा लिखा है, जिसे सुन आपकी भी बेचैनी बढ़ जाएगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर दिल्ली में पीएमओ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के वीडियो को शेयर कर अपनी बात रखी है। कंगना ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'हम वो लोग नहीं हैं, जिनके लिए कार्यालय इस समय शुरू होता है और इस समय समाप्त होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों के लिए कोई मापदंड नहीं है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'हमें जुनूनी वर्क कल्चर को सामान्य बनाने और वीकेंड की प्रतीक्षा करने और सोमवार के मीम्स पर रोना बंद करने की आवश्यकता है। यह सब पश्चिमी ब्रेनवॉश है... हम अभी तक एक विकसित राष्ट्र नहीं हैं... हम बिल्कुल भी उबाऊ और आलसी नहीं हो सकते हैं।'

हॉलीवुड मसाला



# 'वेक अप डेड मैन' की शूटिंग शुरू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता डेनियल क्रेग की आगामी फिल्म 'वेक अप डेड मैन' की इन दिनों शूटिंग चल रही है। ये फिल्म 'नाइफ्स आउट' फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए निर्देशक रियान जॉनसन ने सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा की है। डेनियल फिल्म में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। निर्देशक रियान जॉनसन ने 'वेक अप डेड मैन' के सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'और हम चल पड़े!




# एबी को गोद लेना चाहते थे विल स्मिथ

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता विल स्मिथ को जानवरों से काफी प्यार है। अकादमी पुरस्कार विजेता ने 2007 की फिल्म 'आई एम लीजेंड' में अपने कुत्ते एबी को याद किया और कहा कि वह एक शानदार कलाकार थी। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने जर्मन शेफर्ड को गोद लेने की कोशिश की थी, जो कि ब्लॉकबस्टर में उनसे आगे निकलने के लिए जानी जाती थी। विल स्मिथ ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'ऐसा लगता था जैसे एबी अंग्रेजी बोलती थी। वह सचमुच आपको समझ सकती थी, यह सबसे अजीब बात थी।' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से वह एबी को घर नहीं ले जा सके, क्योंकि वह अपने परिवार की कमाने वाली थी। इसीलिए उसे यहीं रहना पड़ा।



# शूटिंग से चार दिन पहले निकाली गईं थीं

**नई दिल्ली।** टिस्का चोपड़ा हिंदी फिल्मों की जानी पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें आमिर खान द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तारे जमीन पर' के लिए जाना जाता है। हाल में वह थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं। हाल में ही अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हुए बुरे अनुभव को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें साल 2016 में एक बुरे अनुभव से दो चार होना पड़ा था। वह एक प्रौजेक्ट पर काम कर रही थीं, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्हें किसी युवा अभिनेत्री से बदल दिया गया। उन्होंने कहा, 'साल 2016 में एक निर्देशक के साथ मैं काम करने वाली थी, जिसे लेकर हमने तैयारी, वेशभूषा, डायलॉग्स पर काम करना भी शुरू कर दिया था, लेकिन शूटिंग से चार दिन पहले उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी युवा अभिनेत्री के साथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं।



# परेशान होकर फेंक देना चाहते थे फोन...

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अपने एक ब्लॉग पर पोस्ट किया कि वह अपने फोन से बहुत अधिक परेशान और निराश हो चुके हैं। 'कल्कि 2898 एडी' के ट्रेलर रिलीज के बाद उन्होंने लिखा, 'मैं अपने फोन को ठीक करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं और जो पहले सेटिंग थी, वह अचानक बदल गई, इसलिए हर तरफ से मदद लेने की कोशिश की और असफल रहा। बहुत निराशाजनक, मैं अंग्रेजी और हिंदी टाइपिंग करना चाहता था, अंग्रेजी में टाइप करके, हिंदी शब्द और यह देवनागरी में आता है, लेकिन कई घंटों तक प्रयास करने के बाद अब मैं अपने फोन को खिड़की से बाहर फेंककर तोड़ने के बहुत करीब हूं'।

बाद में अमिताभ ने यह भी लिखा, 'नहीं नहीं नहीं... ऐसी किस्मत नहीं... बस गुस्सा निकाल रहा हूं।'

टीवी मसाला



# अब्दु का निकाह हुआ पोस्टपोन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 16' फेम और सभी के दुलारे अब्दु रोजिक का निकाह पोस्टपोन हो गया है। अब्दु पहले 7 जुलाई को मंगेतर अमीरा से निकाह करने वाले थे। लेकिन अचानक इसे टालने का फैसला लिया गया है। सोशल मीडिया सनसनी और सिंगर अब्दु रोजिक ने बीते महीने मई में यह घोषणा की थी कि वह निकाह पढ़ने वाले हैं। अमीरा से उनकी मुलाकात कुछ महीने पहले ही हुई है और दोनों ने साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया है। अब्दु के इस ऐलान से जहां उनके फैंस बड़े खुश हैं, वहीं दुबई में हो रहे इस निकाह में कथित तौर पर सलमान खान भी शिरकत करने वाले थे। लेकिन फिलहाल इसे टाल दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, निकाह को टालने की वजह अब्दु रोजिक का करियर है। दरअसल, अब्दु को दुबई के कोका कोला एरिना में 6 जुलाई को होने वाली टाइटल बॉक्सिंग फाइट के लिए न्योता मिला है। यह पहली बार जब अब्दु को फाइट के लिए बुलाया गया है और वह इसे मिस नहीं करना चाहते हैं। अब्दु ने निकाह के पोस्टपोन होने पर कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे जीवन में किसी टाइटल के लिए लड़ने का मौका मिलेगा। यह साल मेरे करियर और मेरी लव लाइफ के लिए इतनी सारी अच्छी चीजें लेकर आया है। लेकिन दुर्भाग्य से, इस कारण मुझे अपने निकाह को कुछ वक्त के लिए टालना होगा, क्योंकि यह मैच हमें भविष्य के लिए बहुत बड़ी फाइनेंशियल सिक्योरिटी देगा।'

## सोनम खान तीन दशक बाद करने जा रही हैं कमबैक...



**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म 'त्रिदेव' के सॉन्ग 'तिरछी टोपी वाले' गाने से रातों रात स्टार बनने वालीं सोनम खान लंबे समय बाद कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। खबर मिली है कि सोनम खान बिग बॉस ओटीटी के अपकमिंग सीजन से ग्लैमर की दुनिया में वापसी कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि 'विश्वात्मा' एक्ट्रेस सोनम खान करीब 3 दशक के गैप के बाद इस इंडस्ट्री में लौटने की तैयारी कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोन 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर के अंदर एंट्री मारने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कहा जा रहा है कि सोनम इस घर में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री लेने जा रही हैं और यहीं से करीब 3 दशक के लंबे गैप के बाद वो फिर से शुरुआत कर रही हैं।

# उर्फी ने आलिया व सारा पर किया अटैक?



**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद अपने कपड़ों और ड्रेसिंग सेंस के अलावा बेबाक अंदाज के लिए भी चर्चित रहती हैं। लेकिन इस बार उन्होंने उन फिल्मी हस्तियों को निशाने पर ले लिया है, जो ऑडियंस के साथ कनेक्ट करने के लिए मिडल क्लास होने का नाटक करते हैं। माना जा रहा है कि उर्फी ने इसके बहाने सारा अली खान और आलिया भट्ट को टारगेट किया है। उर्फी जावेद ने कहा, 'जब अमीर मशहूर हस्तियां यह दिखावा करती हैं कि उनकी परवरिश मिडल क्लास परिवार में हुई और बहुत खराब थी, तो मुझे अंदर तक चिढ़ होती है। हम जानते हैं कि तुम अमीर थे। हम बिल्कुल मिडल क्लास थे। हमने कभी फर्स्ट क्लास फ्लाई नहीं किया। हम इकॉनमी में फ्लाई करते थे। अरे हमने कभी प्लेन नहीं देखा था यार। तुम कैसी बातें कर रहे हो यार? उर्फी जावेद ने आगे कहा, 'जब अमीर हस्तियां मिडल क्लास की तरह नाटक करती हैं, तो वो दर्शकों के साथ जुड़ने की बहुत कोशिश करती हैं कि मैं कितनी गरीबी थी। यहां तक कि अब भी वो मिडल क्लास जैसा बर्ताव करती हैं कि मैं खर्चा नहीं करती। मैं बहुत कंजूस हूं। तो तुम कमा क्यों रही हो? तुम नौकरी कर लो। नाटक पसंद नहीं है मुझे। बस जो हो, वो रहो न। पैसा होना और उसे खर्च करना ठीक है।' उर्फी जावेद ने अपने इस बयान में कहीं किसी सेलेब या एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया, पर माना जा रहा है कि निशाना आलिया भट्ट और सारा अली खान पर था।

# डिप्रेशन में थे डायरेक्टर, बंगाली फिल्म से मिला आइडिया

## एक करोड़ में बनी फिल्म से थर्रा उठा था बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** 70 के दशक को 'हिंदी सिनेमा का 'स्वर्ण युग' कहा जाता हैं। उन दिनों बॉलीवुड ने कई ऐसी फिल्में दीं, जो बाद में क्लासिक बन गईं. 70s में फैमिली ड्रामा से लेकर मसाला और कॉमेडी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर राज किया था। आज हम आपको एक ऐसी क्लासिक फिल्म के बारे में बताते हैं, जिसे 40 दिनों में शूट किया गया था और फिर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। आज से 45 साल पहले एक ऐसी फिल्म आई थी, जिसे ना सिर्फ दर्शकों ने पसंद किया बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी छप्परफाड़ कमाई हुई थी। दिलचस्प बात ये है कि डायरेक्टर को एक बंगाली फिल्म देखने के दौरान फिल्म का आइडिया आया था और उस वक्त वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। रिलीज के बाद फिल्म कल्ट क्लासिक साबित हुई। हम जिस मूवी का बात कर रहे हैं उसका नाम है 'गोल माल।' साल 1979 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमोल पालेकर, बिंदिया गोस्वामी, उत्पल दत्त और देवेन वर्मा जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसका फिल्म का



डायरेक्शन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। राही मासूम रजा और सचिन भौमिक ने मिलकर फिल्म की कहानी लिखी थी। दिलचस्प बात ये है कि ऋषिकेश मुखर्जी ने सिर्फ 40 दिनों में फिल्म की शूटिंग कंप्लीट कर ली थी। उन्होंने खुलासा किया था कि 'गोल माल' के कुछ सीन्स को छोड़कर पूरी फिल्म बांद्रा स्थित उनके बंगले अनुपमा में शूट की गई थी। अमोल पालेकर, उत्पल दत्त और बिंदिया गोस्वामी की फिल्म 'गोल माल' को बनाने में 1 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

### एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं

ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'गोल माल' की कहानी राम प्रसाद शर्मा (अमोल पालेकर) के इर्द गिर्द घूमती है, जो अपनी नौकरी को बचाने के लिए सिर्फ एक झूठ बोलता हैं। उसके बाद स्थिति ऐसी बन जाती है कि उस एक झूठ को छुपाने के लिए उसे कई झूठ बोलने पड़ते हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋषिकेश मुखर्जी ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'अलाप' बनाई थी, जिसे क्रिटिक्स ने खूब सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म पिट गई थी। ऋषि ऋषिकेश मुखर्जी ने कहा, 'मैं पूरी तरह टूट गया था और कई महीनों तक डिप्रेशन से जूझता रहा। इससे बाहर निकलने के लिए मैंने एक कॉमेडी मूवी बनाने का फैसला किया। ऋषिकेश मुखर्जी ने आगे बताया कि अपने खराब दिनों के दौरान उन्होंने कांचा मीठा (खट्टा और मीठा) नाम की एक बांग्ला फिल्म देखी, जिसमें हीरो कहानियां गढ़ता था और एक झूठ को छुपाने के लिए कई कहानियां बनाता हैं।

## लिस्ट में अक्षय-आमिर समेत ये नाम शामिल

# बी-टाउन के इन सितारों को नहीं पसंद है पार्टियों में जाना


***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारों की लाइफ काफी रंगीन होती है। ये सितारे वैसे तो अपने काम में बेहद बिजी रहते हैं। मगर जब भी इन्हें वक्त मिलता है, तो ये पार्टी करना का मौका नहीं छोड़ते हैं। बी-टाउन में आए दिन कोई न कोई पार्टी होती ही रहती है और ये पार्टियां देर रात तक चलती हैं। मगर इंडस्ट्री में ऐसे भी कई सितारे हैं, जो पार्टियों से दूरी बनाकर रखते हैं। इन सितारों का बॉलीवुड की देर-देर तक चलने वाली पार्टियों का हिस्सा बनना पसंद नहीं है।*



**अक्षय कुमार :** बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का नाम इस लिस्ट में सबसे पहले आता है। अक्षय ज्यादातर पार्टियों से दूर रहना ही पसंद करते हैं। खिलाड़ी कुमार हर चीज समय के हिसाब से करते हैं। बॉलीवुड की पार्टियां देर रात में होती हैं और अभिनेता समय पर सो जाते हैं। इसलिए वह पार्टियों से दूर ही रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बार तो वह पार्टी शुरू होने से पहले जाकर आठ बजे तक घर भी वापस आ जाते हैं।



**आमिर खान :** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट रहे जाने वाले आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। आमिर खान को भी पार्टियों में जाना ज्यादा पसंद नहीं है। वह ज्यादातर समय अपने काम और अपनी फिल्मों को देते हैं। ऐसे वह भी बॉलीवुड की पार्टियों से दूर ही रहते हैं।



**जॉन अब्राहम :** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इंडस्ट्री के जाने-माने सितारों में से एक हैं। जल्द ही वह फिल्म 'वेदा' में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम का नाम भी पार्टियों में न शामिल होने वाले सितारों की लिस्ट में शामिल है। जॉन को किसी पार्टी में नहीं देखा जाता है। अभिनेता को भी बी टाउन की पार्टियों में शामिल हो पसंद नहीं है।

## इन सितारों की हरकतों से हुआ पड़ोसियों की नाक में दम



**मुंबई।** बॉलीवुड के की सितारे अपनी बेहतरीन फिल्मों और अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। कुछ फैंस अपने अच्छे व्यवहार के लिए मशहूर हैं, लेकिन हिंदी सिनेमा में कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो दूसरों के लिए परेशानी का सबब बन गए थे। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से उनके पड़ोसी परेशान हुए हैं और उनके खिलाफ शिकायत भी की है।

***प्रीति जिंटा :*** अपने जमाने की सबसे क्यूट एक्ट्रेस प्रीति जिंटा के पड़ोसियों ने साल 2015 में शिकायत की थी। लोगों ने कहा था, प्रीति अपने स्टार स्टेटस का नाजायज फायदा उठाती हैं। उनके पड़ोसियों का कहना था कि प्रीति अपने बाउंसर्स के साथ बगीचे और स्विमिंग पूल में जाती हैं, और जब तक प्रीति पार्क या स्विमिंग पूल में होती हैं तब तक उनके बाउंसर्स पार्क या स्विमिंग पूल में दूसरे बच्चों को नहीं आने देते हैं।

***करीना कपूर :*** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने जब अपने घर पर साल 2016 में फिल्म की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया था, जब उस दौरान वहां काफी हंगामा हुआ। जिससे परेशान होकर पड़ोसियों ने पुलिस को बुला लिया था।

***शाहिद कपूर :*** अक्सर फिल्मों में शांत नजर आने वाले शाहिद कपूर भी असल जिंदगी में अपने पड़ोसियों को परेशान कर चुके हैं। खबरों के मुताबिक एक्टर जब जुहू स्थित अपने घर को ठीक करवा रहे थे, तब वहां काम करने वाले मजदूरों ने आसपास के लोगों को परेशान कर दिया था, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज करवा दी थी।

***शक्ति कपूर :*** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता शक्ति कपूर पर एक बार इल्जाम लगा था कि उन्होंने लिफ्ट में पेशाब कर दी थी और कॉरिडोर में बिना कपड़ों के घूमते थे। शक्ति कपूर के पड़ोसियों ने उनके खिलाफ मामला थाने में दर्ज करवाया था, इसके बाद शक्ति कपूर ने अपनी गलती मानते हुए पड़ोसियों से माफी मांगी थी।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क आयुर्वेदिक उपचार और दवा का वितरण

**रायगढ़।** आयुर्वेद विश्व की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है आज के समय में दुनिया आयुर्वेद चिकित्सा का तेजी से अनुसरण कर रही है। आयुर्वेद की दृष्टि कोण से जीवन शैली परिवर्तन, प्राकृतिक चिकित्सा और आहार पर ध्यान दिया जाए तो जटिल और गंभीर रोग का सटीक इलाज संभव है। आयुर्वेद का कोई कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है जड़ी बूटियां के सेवन और खान.पान में सुधार करके हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल चांदमारी के आयुर्वेदिक डॉक्टर व उनके साथियों द्वारा वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 तक एक निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है' इस आयोजन में आयुर्वैदिक डॉक्टर द्वारा निशुल्क सेवा परामर्श के साथ.साथ निशुल्क दवा का वितरण भी किया जाएगा। क्या आयुर्वेद का कोई साइड इफेक्ट है, इसलिए आयुर्वेद उपचार लेने से पहले अपने डॉक्टर से आयुर्वेदिक उपचारों और उनके संभावित दुष्प्रभावों के बारे में आकर जरूर पूछें। आयुर्वेद में छोटी सी छोटी और बड़ी से बड़ी हर बीमारी का इलाज है। स्वस्थ समाज के लिए व समाज की सभी वर्गों के लोगों का स्वस्थ रहना जरूरी है इस शिविर आयोजन का उद्देश्य भी यही है कि लोगों को निशुल्क परामर्श उपचार व दवाएं देकर स्वस्थ समाज में आयुर्वेद के लिए एक संदेश दे सके। क्षेत्रीय पार्षद प्रभात साहू ने शहर व वार्ड के सभी गणमान्य व्यक्तियो से अपील की है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पीड़ति युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह वर्ष 2020 से निखिल से उसकी जान पहचान है। उसकी बहन के माध्यम से निखिल पिता दयानिधि उम्र 22 साल गोवर्धनपुर से जान परिचय हुई थी। निखिल से बातचीत होती थी और निखिल पसंद करता करने और शादी करने की बात कहता था। मई 2020 को निखिल शहर घूमने जाने के बहाने से बुलाया और अपने घर ले जाकर शादी करने का विश्वास दिलाकर शारीरिक संबंध बनाया।

### धान की सीधी बुवाई करके कम लागत में अधिक उत्पादन

**रायगढ़।** प्रधान अन्वेषक डॉ. राजपूत सह अन्वेषक डॉ.केडी महंत एवं वरिष्ठ अनुसंधान सहायक डॉ. मनोज साहू द्वारा समय अनुसार कृषि एडवाइजरी जारी किया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत जलवायु लचीला प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों को जरुरी सलाह दी जा रही है। मृदा वैज्ञानिक डॉ. महंत ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि किसान धान की सीधी बुवाई करके कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डीएसआर तकनीक से धान की बुआई करने पर धान की फसल रोपाई करके लगाई गई धान की फसल की तुलना में 7 से 10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है। जिससे धान की फसल के बाद लगने वाली फसलों को समय पर लगाया जा सकता है।

### लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

# एसपी ने की पुलिसिंग की समीक्षा, अपराध नियंत्रण और ट्रैफिक सुधार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थानाए चौकी व इकाई के विभिन्न शाखा प्रभारी की अपराध समीक्षा बैठक लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा एक.एक कर सभी थानों के पेंडिंग अपराध, शिकायत, गुम इंसान, मर्ग आदि की जानकारी लिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा गत माह की तुलना में अपराधों के निकाल में कमी बताते हुए अपराधों, शिकायतों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर मामलों में थाना प्रभारी को विवेचना के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया साथ ही उन अपराधों को अलग सूची तैयार कर प्रतिदिन प्रगति से अवगत से करने का निर्देश दिया गया तथा आने वाले दिनों में गुम इंसानों की अधिक से अधिक दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान चलाने कहा गया। संपत्ति संबंधी अपराधों में कर्मी लाने लघु अधिनियम की कार्यवाही जारी रखने के निर्देश हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा समन वारंट, बदमाशों तथा गुम संपत्ति के डाटा संधारण हेतु तैयार किए गए वेब पोर्टल की प्रगति देखे और प्रभारियों को त्रुटि रहित जानकारी अपलोड करने कहा गया। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा कर सड़क सुरक्षा बढ़ाने और यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रोजेक्टर पर डेटाबेस से जिले के ब्लैक स्पॉटों की समीक्षा कर उन स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये तथा ओवर.स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइवए बिना हेल्मेट पर लगातार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

### नवीन कानून पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

बैठक के पश्चात नवीन कानूनों के संबंध में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने राजपत्रित अधिकारियों को जिले के सभी विवेचकों को नवीन कानूनों का प्रशिक्षण प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना चौकी प्रभारियों में कम्परेटिव बुक का वितरण किया गया। कार्यशाला में आईपीसीए सीआरपीसी एवं साक्ष्य अधिनियम के अनुरूप नए कानून पर संशोधित धाराओं की जानकारी दी गई और प्रश्नों उत्तर के माध्यम से नए कानून पर विस्तारपूर्वक चर्चा परिचय हुआ। पुलिस अधीक्षक व अधिकारियों ने कार्यशाला में नवीन धाराओं से जुड़े थाना प्रभारियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनके संशय का शांत किया गया।



## हादसों में कमी लाने कार्रवाई के साथ पुलिस बांट रही हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क हादसों में कमी लाने और हादसों में मृत्यु दर को कम करने यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत आज पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। इस विशेष अभियान में यातायात पुलिस आने वाले 15 दिनों तक बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले बाइक चालकों का चालान कटेगी और उन्हें निशुल्क हेलमेट प्रदाय किया जाएगा। जिसके बाद बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों पर पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के सामाजिक संगठनों और उद्योगों के सहयोग से यातायात पुलिस यह विशेष अभियान चला रही है जिसमें सामाजिक संगठनों और उद्योगों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने चालान काटे हुए कई बाइक चालकों को फ्री में हेलमेट प्रदान किया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा तथा सहयोगी फर्म के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## तमनार में शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बालवाड़ी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र तमनार में जिला समग्र शिक्षा द्वारा 92 बालवाड़ी केंद्र के शिक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 7 जून से 9 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता, बीईओ यूके सिदार, बीआरसी जय प्रकाश साहू के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर पवित्रा गुप्ता, राजाराम कुलदीप द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्सए, रशिक्षण के दौरान बच्चों को गीत, कहानी अभिनय तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन सीखने के तरीके बतलाया गया। प्रशिक्षण के उद्दे श्य तथा भविष्य में नई शिक्षा नीति के तहत किए जाने वाले कार्यो की रूपरेखा से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देयश्य 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक बच्चों को खेल के माध्यम से पठन पाठन व बिना दबाव के शिक्षा देना तथा बालवाड़ी के बच्चों को दो अक्षरों के शब्द बनाना तथा 1 से 9 तक सीधी गिनती व उल्टी गिनती सीखाना है। अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वयं समाधान करने की तथा बच्चों को कैसे स्वस्थ रखा जाए और स्वस्थ मस्तिष्क में कैसे अच्छा विकास होगा इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बालबाड़ी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व किस प्रकार से तैयार किया जाए एवं बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार करने के उद्द्देश्य से दिया गया।

### पुसौर तहसील में चल रहा अभिलेख शुद्धता सप्ताह

**पुसौर।** सरकार द्वारा प्रदेश के जमीन संबंधी दस्तावेज आन लाईन उपलब्ध कराने की दिशा में पिछले कई वर्षों से काम किया जा रहा है जिसमें राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण भूमिका है जानकारी के मुताबिक जमीन को पहले मेनुअली दुरूस्त करने षासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें कमोवेश पूर्ण होने की जानकारी प्रकाश में आया है अब इसे आनलाईन कराने की बीडा उठाया गया है। इसी कड़ी में पुसौर तहसीलदार नेहा उपाध्याय द्वारा अन्य शासकीय कार्य व पेशी आदि का निपटारा करते हुये इन दिनों अभिलेख शुद्धता सप्ताह चलाया जा रहा है। इस तथ्य पर इन्हौने बताया कि इस सप्ताह में हजारों की संख्या में भूस्वामियों के त्रुटि पूर्ण दस्तावेजों की शुद्ध किए जाने का लक्ष्य है। ज्ञात हो कि चुनाव संपन्न होने के बाद शासन प्रशासन के लोग बचे हुए तथा शासन से मिले लक्ष्य को पुरा करने में अब जुट चुके हैं, जिससे सभी कार्यालयों में अब काम बढ चुका है इस आधार पर तहसील कार्यालय भी 10 बजे से 5 बजे तक लगातार लोगों का जमावडा रहता है।

## मेडिकल इंसेन्टिव घोटाले में पांच कर्मचारियों से 4 लाख की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत के क्लेम के उपरांत राशि का 35 फीसदी हिस्सा स्वास्थ्य कर्मियों में इन्सेंटिव बांटे जाने का प्रावधान है। इसमें हुए घोटाले की जांच शुरू होने के बाद अब तक पांच लोगों से चार लाख रुपए की वसूली की अनुशंसा जांच टीम ने की है।

दरअसल जिनको इन्सेंटिव की पात्रता ही नहीं थी, उन्होंने राशि हासिल कर ली। किसी को पता नहीं चलेगा, इस भरोसे में आपस में ही रेवड़ी बांट ली गई। मामला खुला तो सीएमएचओ पर भी आंच आई। जांच के आदेश दिए गए थे। जांच अधिकारी ने पांच लोगों से 4,02,217 रुपए वसूली के आदेश दिए हैं। इस मामले में ज़िले के सिविल सर्जन पहले ऐसे अधिकारी होंगे जिन्होंने कर्मचारी की अवैध उगाही को लिखित में स्वीकार कराते हुए रकम वापस करवाई। 13 अप्रैल को सिविल सर्जन रायगढ़ ने जांच समिति को अपने नाम से कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली की शिकायत पर कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया। मेट्रेन ने शिकायत की थी जिसमें अस्पताल सलाहकार डॉण मनीष नायक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर निलेश सतपथी द्वारा रुपए मांगने का आरोप लगाया था। 50 हजार रुपए निलेश सतपथी को दिए गए। ठीक 3 दिन बाद सिविल सर्जन ने जांच समिति को लिखा कि उनके सामने 14 अप्रैल 2024 को डॉ. मनीष नायक और नीलेश सतपथी ने मेट्रेन को 50 हजार रुपए वापस कर दिए। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।



### इनसे होगी रिकव्हरी

डॉ. मनीष नायक जतन केंद्र से 2,62,906 रुपएए विनोद पटेल पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर से 56,440 रुपएए गोपाल कृष्णा साहू पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर से 27,330 रुपएए टेकलाल मेहर पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर से 27,321 रुपए और निलेश सतपथी कंप्यूटर ऑपरेटर से 28,220 रुपए वसूलने की अनुशंसा की गई है। इसमें सबसे बड़ी गलती मनीष नायक की है क्योंकि उन्होंने गलत वर्ग में राशि प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि यह घोटाले का एक छोटा सा हिस्सा है। इसमें कई लोग संलिप्त है। मामले को ठंडा करने के लिए पांच लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। असली सूत्रधार अब भी परदे के पीछे से खेल रहे हैं।

## तमनार के कोलम में ब्लॉक स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण

**तमनार।** जिले के विकासखण्ड तमनार में चार दिवसीय विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण 10 जून से बीआरसी तमनार, प्राथमिक शाला तमनार, शाउमा विद्यालय कोलम चितवाही में शुरुआत की गई है। विखं तमनार के शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता, सहायक बीईओ यूके सिदार, बीआरसी जेपी साहू की उपस्थिति में मां शारदे की पूजा अर्चन से प्रारम्भ की गई। विकासखंड तमनार 113 प्राथमिक शाला के 195 शिक्षकों का तीन जोन में तमनार में 73 एवं देवगढ़ जोन में 69 शिक्षक एवं कोलम जोन में 53 शिक्षक प्रशिक्षार्थी शामिल है। जिसमे तमनार जोन का संचालन तमनार बीआरसी कार्यालय एवं देवगढ़ जोन का बालक प्राथमिक शाला तमनार तीसरा जोन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोलम चितवाही में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण में 1ली से 3री तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एव संख्यातम ज्ञान के शिक्षण में योग्य बनाने 2020 की रणनीति के तहत यह प्रशिक्षण राज्य, जिला एव विकासखड़ स्तर पर यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2020 को लागू कराने की रणनीति तय की जा रही है। समग्र शिक्षा रायगढ़ के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षित ट्रेनरो द्वारा कुशल प्रशिक्षण कार्यशाला संचालित की जा रहीं है। तमनार जोन 1 में प्रशिक्षक पुष्पा पटनायक, राजाराम कुलदीप, शिव शंकर भगत, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सैफुल हुदा एव देवगढ़ जोन 2 में होलिका राठिया, हेतराम पटेल, रवि कांत बेहरा खिरेंद्र पटेल, विकास रंजन सिन्हा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से पंकज पांडेय, कोलम जोन 3 में श्रवण शर्मा, अजय राठिया, योगेन्द्र चौधरी एव अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से चन्द्र शेखर राणा द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है।

### टिक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ .बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए रायगढ़ में 17 जून से सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, धूम्रपान डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क 13 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये वाट्सअप नंबर 7974942078 में पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8656919787, 7999984982 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ .बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं 08 वीं पास है।

## अवैध को हटाएं और वैध होर्डिंग मजबूत होना चाहिए: कलेक्टर




**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बारिश में होने वाले बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा राहत का बैठक लिया। कलेक्टर श्री साहू ने प्रभारी अधिकारियों को कहा कि जिले में स्थापित अवैध होर्डिंग को हटाएं तथा वैध होर्डिंग की मजबूती की जांच करेंए मजबूती नहीं पाने की स्थिति में संबंधित होर्डिंग कंपनी या स्वामी को होर्डिंग मजबूत करने के लिए नोटिस जारी करें ताकि होर्डिंग से आंधी तूफान आदि होने पर किसी अप्रिय स्थिति की नौबत नहीं आए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के नगरपालिका और नगर पंचायत के सीएमओ को कहा कि बारिश आने के पूर्व नालियों का सफाई व्यवस्था को मजबूत रखें। कलेक्टर ने प्रभारी सेनानी नगरसेना से बाढ़ आपदा के बचाव के संबंध में आवश्यक तैयारी की जानकारी ली। धर्मेश साहू ने कहा कि सभी आपदा नियंत्रण अधिकारी को आपदा राहत के लिए एक प्लान तैयार करना है, कंट्रोल रूम का नंबर 07768.299016 हो। सूचना तंत्र मजबूत हो। गांव में बारिश का आंकलन करते हुए बाढ़ आपदा से बचने के लिए राहत शिविर के संबंध में तत्काल मुनादी किया जाए। इसके साथ ही नजदीकी थाना एवं अधिकारी का नंबर हो। डूबान क्षेत्र के गांव का नक्शा हो, पानी कहां.कहां भरता है ऐसे गांवों और स्थानों को चिन्हित करके रखा जाना है। इसी प्रकार आपदा राहत शाखा और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है कि किन किन नजदीक स्थानों में राहत सामग्री सूखा अनाज, दवा, पशु चारा, भंडार करके रखा जाए कि आपदा के समय तुरंत उपलब्ध किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि बाढ़ प्रभावित गांव और जिले के तैराकों की सूची तैयार किया जाए और समाज सेवा के इच्छुक तैराकों के मोबाइल नंबर की सूची रखें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर श्री साहू को विद्युत अधिकारी श्री नरेन्द्र नायक ने जानकारी दी कि बाढ़ से जलमग्न होने पर कई ट्रांसफार्मर जलमग्न होते हैं और मानव तथा गाय बैल आदि के विद्युत करंट को ध्यान में रखकर विद्युत बंद किया जाता है। धर्मेश साहू ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कहा कि गंगरेल बांध से गेट खोलने पानी छोड़ने की जानकारी लगातार अपडेट बाढ़ राहत शाखा को उपलब्ध कराएं।

### जिपं सीईओ ने ली योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी

# शत-प्रतिशत लोगों का बनाएं आयुष्मान कार्ड, होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में सभी सचिव ग्राम पंचायत, सभी तकनीकी सहायक नरेगा, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजर, बीपीएम, बीएमओ, समस्त एडीओ, पीओ नरेगा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की प्रगति एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने सर्वप्रथम आयुष्मान कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजरों द्वारा किए गए कार्य की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी सुपरवाईजरों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में मोबाईल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने तथा जिनके आधार अपडेट के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे है ऐसे आधार कार्ड को अपडेट कराकर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आधार कार्ड के प्रगति हेतु राशन वितरण दिवस पर ग्रामवासियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के कम प्रगति वाले ग्राम पंचायतों का वीसी के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के संबंध में समीक्षा करते हुए अपूर्ण सभी आवासों को बारिश से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन के तहत स्वीकृत आवासों को पूर्ण करने तथा लैलूंगा की भांति धरमजयगढ़ में भी सामूहिक गृह प्रवेश की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 19 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय में पारंगत हितग्राहियों का पंजीयन करवाने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्राथमिकता से प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने टैक्स वसूली के संबंध में चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों से ग्राम पंचायत अधिनियम के तहत टैक्स वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बड़े बाजारों से यूपीआई के माध्यम से बाजार शुल्क वसूली के निर्देश दिए। एनआरएलएम के अंतर्गत लोकोस तथा लखपति दीदी की एन्ट्री हेतु बिहान शाखा को निर्देशित किया। इस दौरान डीएमएफ एवं अन्य मद के द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों में बनेंगे लाईब्रेरी कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में लाईब्रेरी का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतवार राशि प्रदान किए जाएंगे। जिसमें पंचायत ग्रामीणों के मांग एवं रूचि अनुसार पुस्तक की खरीदी कर सकते है। जिसके लिए उन्होंने कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया।

## शेड की मरम्मत में जुटा विभाग अब बारिश में नहीं भीगेंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्लेट फार्म नंबर 1 में शेड के क्षतिग्रस्त होने की वजह से यहां बारिश का पानी झरने की तरह गिरता था, कई बार खबर प्रकाशित करने के बाद आखिरकार रेलवे अधिकारियों की नींद खुली और अब शेड़ को बदलने का काम शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि प्लेट फार्म नंबर 1 में आरपीएफ पोस्ट के पास लगे शेड़ काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो चुके थे। जिसकी वजह से बारिश का पानी झरने की तरह प्लेट फार्म में गिरता था। इसकी वजह से यात्रियों को प्लेट फार्म में बैठने या ठहरने तक की जगह नहीं मिल पाती थी। इस समस्या को लेकर कई बार खबर भी प्रकाशित की गई, किंतु इसके बाद भी क्षतिग्रस्त हो चुके शेड को बदलने या मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया गया। स्थिति यह थी कि कुछ मिनटों बारिश में ही प्लेट फार्म पानी पानी हो जाता था। बता दें कि इसी बीच इस शेड की मरम्मत भी की गई, किंतु मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ति ही सामने आई। इस मरम्मत कार्य के बाद और अधिक मात्रा में बारिश का पानी प्लेट फार्म में गिरने लगा।